भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5337

उत्तर देने की तारीख 5 अप्रैल, 2022

15 चैत्र, 1944 (शक)

सार्वजनिक-निजी भागीदारी के अंतर्गत खेल

5337. श्री एस.आर. पार्थिबन:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में सार्वजनिक-निजी भागीदारी के अंतर्गत खेलों के मूलभूत अवसंरचना के विकास के लिए मानक दिशानिर्देश जारी करने पर विचार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) खेलों में सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल को लागू करने वाले राज्यों की संख्या और ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) सरकार ने परियोजनाओं का त्वरित मूल्यांकन, अंतरराष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ कार्यपद्धतियों को अपनाना और मूल्यांकन तंत्र में एकरूपता बनाए रखना सुनिश्चित करने के लिए "सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) परियोजनाओं के प्रतिपादन, मूल्यांकन और अनुमोदन के लिए दिशानिर्देश" अधिसूचित किए हैं जो सार्वजनिक-निजी भागीदारी के अंतर्गत खेलों के विकास के संबंध में भी लागू होते हैं ।

(ख) चूंकि, खेल राज्य का विषय है, राज्यों में खेल अवसंरचना के विकास से संबंधित नीति को संबंधित राज्य सरकारों द्वारा जारी किया जाता है ।

****